तापमान
अधिकतम 31 डिग्री
न्यूनतम 24 डिग्री

हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, मंगलवार, 7 अक्टूबर 2025

कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड

11 स्वयंसेवकों ने पथ संचलन कर दिया एकता और राष्ट्र भक्ति का संदेश



12 कमीशन बढ़ाने उचित मूल्य दुकानों के संचालकों ने निकाली पदयात्रा



## खबर संक्षेप

### आज सेन समाज कलेक्टर को सौंपेगा ज्ञापन

**धमतरी।** सेलून व्यवसाय सहित विभिन्न मांगों को लेकर 7 अक्टूबर को प्रदेश भर के सेन समाज मुख्यमंत्री के नाम प्रत्येक जिले में कलेक्टर को ज्ञापन सौपेंगे। समाज के प्रांतीय अध्यक्ष पुनीतराम सेन व सचिव भुवनलाल कौशिक ने बताया कि ज्ञापन में समाज हित में पांच सूत्रीय मांग से शासन को अवगत कराया जाएगा। इसी दिन समाज के प्रांतीय पदाधिकारी राजधानी रायपुर में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और गृहमंत्री विजय शर्मा को ज्ञापन सौंपकर समाज की भावनाओं से अवगत कराते हुए मांगों को पूरा करने का आग्रह करेंगे। सर्व सेन समाज के रायपुर संभाग अध्यक्ष खिलावन श्रीवास एवं धमतरी जिलाध्यक्ष धनसिंह सेन ने जिले के सभी पदाधिकारियों एवं सेलून संघ के पदाधिकारियों से मंगलवार सुबह 11 बजे कलेक्टर भवन के सामने उपस्थित होकर ज्ञापन सौंपने में सहभागी बनने की अपील की है।

### कलस्टर स्तरीय सांसद खेल महोत्सव आज से

**बगदेही(धमतरी)।** युवा प्रतिभागियों को खेल के क्षेत्र में प्रोत्साहन देने, ग्रामीण स्तर पर खेल संस्कृति विकसित करने, फिट इंडिया मूवमेंट को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सांसद खेल महोत्सव का आयोजन विकासखंड कुरुद अंतर्गत कलस्टर स्तर पर 7 से 17 अक्टूबर तक किया जायेगा। कलस्टर पचपेड़ी में 7 से 8 अक्टूबर तक। कलस्टर चर्रा में 9 अक्टूबर से 10 अक्टूबर तक। कलस्टर बगौद में 11 से 12 अक्टूबर तक। कलस्टर कठौली में 14 से 15 अक्टूबर तक। कलस्टर नपा कुरुद में 17 से 18 अक्टूबर तक होगा। पंजीकृत खिलाड़ी आधार कार्ड, जन्म प्रमाण-पत्र व आवश्यक दस्तावेज के साथ संबंधित कलस्टर में प्रातः 9 बजे तक अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करेंगे। यह जानकारी विकासखंड शिक्षा अधिकारी कुरुद ने दी है।

### तहसील साहू संघ कुरूद का चुनाव 9 को

**सिर्री।** तहसील साहू संघ कुरूद के निर्वाचन की रूपरेखा जारी हो चुकी है। तहसील साहू संघ की मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन 6 अक्टूबर सोमवार को सुबह 10 बजे किया गया। अध्यक्ष, दो उपाध्यक्ष (महिला, पुरुष), दो संगठन सचिव (महिला, पुरुष) चुने जाएंगे। अध्यक्ष पद के लिए नामांकन शुल्क 3 हजार रूपये, उपाध्यक्ष 2 हजार, संगठन सचिव के लिए 1500 रूपये है। अभ्यर्थियों का नामांकन 8 अक्टूबर को 11 से 12 बजे तक होगा। नामांकन प्रपत्रों की जांच, अभ्यर्थियों की प्रारंभिक सूची का प्रकाशन, नाम वापसी, समन्वय 8 अक्टूबर को दोपहर 1 बजे से किया जायेगा। अभ्यर्थियों की अंतिम सूची बुधवार को 2 बजे के बाद प्रकाशित होगी। पुरानी मंडी कुरूद में 9 अक्टूबर को सुबह 11 से 3 बजे तक मतदान होगा। इसके बाद मतगणना और परिणाम की घोषणा की जायेगी। यह जानकारी टेकराम साहू अटंग ने दी है।

### दानीटोला की शराब दुकान में चोरी

**धमतरी।** अज्ञात चोर ने शराब दुकान से शराब व नकदी की चोरी कर ली है। मिली जानकारी के अनुसार रविवार की देर रात्रि दानीटोला के जैविक खाद प्लांट के पास स्थित शराब दुकान में अज्ञात चोर ने ताला तोड़कर भीतर प्रवेश किया। चोर दुकान में रखी 3 पौवा व 1 बोतल देशी शराब सहित 2400 रूपये नकदी की चोरी कर फरार हो गया। दूसरे दिन दुकान खोलने पहुंचे कर्मचारियों को घटना की जानकारी हुई। सूचना पर पुलिस अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच में जुट गई। शराब दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को खंगाला जा रहा है।

## औद्योगिक नगर का छाती में विरोध, घोटगांव में धान खरीदी केंद्र की मांग

# कलेक्टर के सामने खुली समस्याओं की पोटली

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

हर सप्ताह जनदर्शन लगता है, लेकिन समस्याएं कम नहीं हो रही हैं। हर बार जनदर्शन में नई पुरानी समस्याओं की पोटली खुलती है। सोमवार को भी कलेक्टर जनदर्शन में थोक में समस्याएं आईं। किसी ने धान उपार्जन केंद्र खोलने की मांग की तो किसी ने जमीन के पट्टे में सुधार के लिए आवेदन प्रस्तुत किया। कलेक्टर ने इन सभी समस्याओं का गंभीरता से निराकरण करने के निर्देश संबंधित विभागों को दिए हैं।

इस बार जनदर्शन में वनांचल की समस्याओं का अंबार रहा। नगरी विकासखंड के ग्राम घोटगांव सहित आसपास के गांव के ग्रामीणों ने घोटगांव में धान खरीदी केंद्र खोलने की मांग की है। उन्होंने बताया कि उनके गांव का धान उपार्जन केंद्र गट्टासिल्ली, तालपारा है। इस धान उपार्जन केंद्र की दूरी कुरमिया से 10 किमी, झुंझराकसा से 12-किमी, बटनहर्रा से 11 किमी है। किसानों ने समस्याओं को देखते हुए गट्टासिल्ली की जगह घोटगांव में धान खरीदी करने की मांग की है। मांग करने वालों में मनोज कुंजाम, अघनूराम साक्षी, भुखउराम, संजय नेताम, रामलाल साक्षी, सूरजभान सहित ग्राम पंचायत के सरपंच, उपसरपंच सहित अन्य जनप्रतिनिधि शामिल थे।

### जमीन के आवंटन से गांव में तनाव

ग्राम पंचायत छाती में औद्योगिक उदयोग के लिए 45 एकड़ जमीन का आवंटन किया गया है। इसके लिए ग्राम पंचायत छाती को विश्वास में नहीं लिया गया है और न ही पंचायत से अनुमति ली गई है। ग्रामीणों ने बताया कि यह जमीन गांव के निस्तारी, पशुओं के लिए चारागाह, मुक्तिधाम, खेल मैदान हेतु आरक्षित है। यह गांव में एकमात्र शासकीय भूमि है, जिसे उद्योग के लिए आवंटित कर देने से गांव में आक्रोश व तनाव का माहौल है। भविष्य में ग्रामीणों को परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। इस संबंध में अगस्त माह में ग्रामसभा का आयोजन किया गया था, जिसमें ग्रामीणों ने गांव की जमीन को उद्योग या किसी भी अन्य प्रायोजन के लिए देने पर आपत्ति दर्ज कराने हेतु प्रस्ताव पारित किया है। उन्होंने इस जमीन का आवंटन रद्द करने की मांग की है। विरोध करने वालों में पंच, सरपंच सहित ग्रामीण दामिनी कंवर, टेकेश्वरी, टेमिन, भोजकुमार, अमन, जागेश्वरी ध्रुव, माधुरी, सोहन कंवर आदि शामिल थे।



### दुर्घटनाओं से परेशान भटगांव

गंगरेल बांध तक जाने के लिए भटगांव रोड अच्छा विकल्प है। यहां से रोजाना बड़ी संख्या में पर्यटक और श्रद्धालु गंगरेल आना जाना करते हैं, लेकिन अनदेखी के चलते यह सिंगल रोड खराब हो गया है। ग्रामीणों ने बताया कि इस रोड पर आईटीआई, चंद्रमौली माता मंदिर है। इसी रोड पर शराब दुकान भी है, जिसके कारण इस मार्ग पर आए दिन दुर्घटनाएं होती हैं। रविवार को ही शराब दुकान के पास ईको की ठोकर से एक व्यक्ति की मौत हो गई। इस वाहन के चालक ने अलग-अलग जगहों पर 4 अन्य व्यक्ति को ठोकर मारकर घायल किया है। इस प्रकार की दुर्घटनाएं शराब के नशे के कारण हो रही है। छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना की अगुवाई में ग्रामीणों ने तत्काल सड़क की मरम्मत करवाने और इस रोड में स्थित शराब दुकान को हटाने की मांग की है। साथ ही दुर्घटना के शिकार लोगों को मुआवजा देने की मांग की। मांग करने वालों में छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना के जिलाध्यक्ष रोशन लाल ध्रुव, जिला महामंत्री कुंजबिहारी सिन्हा,राजेन्द्र, जागेश्वर निषाद, गजनन्द निषाद, सुरेश कतलाम, तोरण ध्रुव आदि शामिल थे।

### बिहान की महिलाएं करेंगी प्रदर्शन

पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की बिहान योजना के अंतर्गत कार्य करने वाली सीआरपी, सक्रिय महिलाओं ने कम मानदेय को लेकर मंगलवार को प्रदर्शन करने की चेतावनी दी है। उन्होंने बताया कि वे ग्रामीण स्तर की कैडर हैं, जो स्वसहायता समूह बनाती हैं और इसका संचालन करती हैं। उन्हें सिर्फ 1910 रुपये मानदेय दिया जाता है। इसी मानदेय में कई तरह के विभागीय कार्य कराए जाते हैं। रजिस्टर वर्क के साथ ऑनलाइन कार्य भी करती हैं। कई महिलाओं के पास एंड्रॉयड मोबाइल नहीं है। 1910 रुपए मानदेय में 15000 के मोबाइल और हर माह 300-400 मोबाइल रिचार्ज का खर्च उठाना मुश्किल है। काम के सिलिसले में उन्हें बैंक, जनपद पंचायत सहित अन्य स्थान पर जाना पड़ता है। आने जाने का खर्च भी नहीं मिलता है। अब तो सक्रिय महिलाओं को काम से हटाने का अभियान शासन द्वारा चलाया जा रहा है जो अन्यायपूर्ण है। इन महिलाओं ने चेतावनी दी है कि मानदेय में वृद्धि सहित अन्य मांगों को लेकर 7 अक्टूबर को एक दिवसीय धरना प्रदर्शन और रैली करेंगी।

# रुद्री पहुंचा गजराज, मचा हड़कंप



- रूद्री से गोकुलपुर होते हुए दंतैल बिलाईमाता मंदिर चौक पहुंचा

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

गंगरेल क्षेत्र में भटक रहा दंतैल हाथी भटकते हुए रूद्री कलेक्टर बंगला के पास पहुंच गया। घनी आबादी और ऑफिसियल रेसिडेंस में दंतैल हाथी के पहुंचने से हड़कंप मच गया है। शाम तक हाथी नहर के आसपास इलाके में डेरा जमाया हुआ था। वन विभाग, पुलिस की टीम सुरक्षा में जुट गई थी।

लंबे समय से एक दंतैल हाथी गंगरेल बांध क्षेत्र में विचरण कर रहा है। डांगीमाचा, विश्रामपुरी सहित वन क्षेत्र में घूम रहा है। कई बार यह गंगरेल में माता अंगारमोती मंदिर प्रांगण तक भी पहुंच गया था। अब और आगे बढ़ते हुए यह हाथी रूद्री तक पहुंच गया। पुलिस लाइन और कलेक्टर बंगला के बीच घूम रहा था। यह रूद्री मुख्य सड़क पर भी पहुंच गया। पुलिस गाड़ी से सायरन बजाकर हाथी को भगाने की कोशिश की गई, लेकिन गाड़ी की हेडलाइट, टार्च की रोशनी से हाथी भड़क गया और उल्टे पुलिस गाड़ी को दौड़ाया। रूद्री घनी आबादी वाला क्षेत्र होने के साथ न्यायाधीश, कलेक्टर, एसपी सहित अन्य वीआईपी का निवास स्थान है। हाथी कलेक्टर बंगला के सामने रोड तक पहुंच गया। इससे पूरे इलाके में दहशत है। वहीं कई लोग हाथी को देखने के लिए भी घरों से बाहर आ गए थे। रूद्री चौक में काफी भीड़ एकत्रित थी। पुलिस और वन विभाग की टीम भीड़ को हटाने में जुटी हुई थी। हाथी की आमद के चलते रूद्री में दुकानों को बंद करवा दिया गया। मुनादी कर लोगों को सावधान रहने की हिदायत दी जा रही थी। भीड़ में मौजूद लोगों से घर जाने की अपील भी की जा रही थी। उल्लेखनीय है कि इससे पहले भी एक बार हाथी रूद्री तक पहुंच गया था और बिना किसी को नुकसान पहुंचाए वापस चला गया था।

समाचार लिखे जाने तक यह दंतैल हाथी रूद्री रोड से गोकुलपुर होते हुए विंध्यवासिनी मंदिर तक पहुंच गया था। इससे शहरवासियों में दहशत फैली हुई है।

# नशा व रफ्तार का कहर : हाईस्पीड कार ने राहगीरों को रौंदा, एक की मौत



- भटगांव रोड में पांच से अधिक राहगीरों को चपेट में लिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

तेज रफ्तार कार ने भटगांव रोड में एक के बाद एक लगभग पांच से अधिक राहगीरों को चपेट में ले लिया। इस घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई है। वहीं पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं।

मिली जानकारी के अनुसार रविवार की रात्रि नशे में धुत एक कार चालक ने भटगांव मार्ग में जमकर तांडव मचाया है। तेज रफ्तार कार पहले एक राहगीर को चपेट में लेकर उससे लगभग 300 मीटर घसीटती चली गई। इस घटना के बाद कार चालक पांच राहगीरों को रौंदता चला गया। सबसे पहले कार चालक ने पैदल जा रहे पेन्डरवानी के एक व्यक्ति को चपेट में लिया। ग्राम पेन्डरवानी थाना गुरूर निवासी कांशीराम साहू पिता धमकराम उम्र 55 वर्ष रविवार को पत्नी गोदावरी साहू के साथ अपने रिश्तेदार के यहां आयोजित छट्ठी कार्यक्रम में ग्राम सोरम आया था। जहां से रात्रि में कांशीराम अपने ससुराल भटगांव जा रहा था। इसी दौरान कपड़ों के गट्ठे से लदी इक्को कार क्रमांक सीजी 04 एचसी 0364 के चालक ने कांशीराम को ठोकर मार दी। चालक कार को भगाते हुए निकल रहा था। इसी दौरान ग्राम सोरम निवासी लालाराम साहू उम्र 40 वर्ष भटगांव की एक कपड़े की दुकान से कपड़ा खरीदकर साइकिल से अपने घर सोरम लौट रहा था। नशे में धुत कार चालक ने लालाराम को भी चपेट में ले लिया। कार की ठोकर से लालाराम गंभीर रूप से घायल हो गया। इसी तरह भागने के चक्कर में चालक ने कार से एक अन्य राहगीर को ठोकर मारी। सड़क पर गिरे व्यक्ति पर वाहन दौड़ा दिया। कार के नीचे फंसकर वह व्यक्ति लगभग 300 मीटर घसीटता चला गया। लगातार तीन एक्सीडेन्ट करने के बाद कार चालक रूकने की बजाय भागता रहा। इस दौरान रास्ते में मिले चार राहगीरों को चपेट में ले लिया। घटना में चारों राहगीर घायल हो गए। कार को कोहराम मचाते देख ग्रामीण उसका वीडियो बना रूकवाने का प्रयास कर रहे थे। आखिरकार कार एक पत्थर से टकराकर रूक गई। घटना की सूचना रूद्री पुलिस को दी गई। सूचना के आधे घण्टे के बाद पुलिस घटनास्थल पहुंची। बड़ी दुर्घटना की सूचना पर वरदान संस्था के चार एम्बुलेंस मौके पर पहुंची। एक निजी एम्बुलेंस की मदद से कुछ घायलों को जिला अस्पताल व कुछ को मसीही अस्पताल पहुंचाया गया। इस राहत कार्य में पंच अवधेश गुरू का विशेष सहयोग रहा।





जिला अस्पताल में तैनात डाक्टर ने कांशीराम को चेकअप के बाद मृत घोषित कर दिया। वहीं गंभीर रूप से घायल लालाराम को रायपुर के मेडिसाइन अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दो घायल का मसीही अस्पताल में इलाज चल रहा है। घायल घनश्याम पटेल व अन्य घायल को जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है। पुलिस इक्को कार को कब्जे में लेकर शराब के नशे में धुत चालक को हिरासत में लेकर आगे की कार्रवाई कर रही है।

## खरेंगा मार्ग में दो बाइक टकराई, चालक घायल

**धमतरी।** खरेंगा मार्ग से गुजर रही दो बाइक आपस में टकरा गई। घटना में एक बाइक चालक का पैर फैक्चर हो गया है, वहीं दूसरे को हल्की चोट आई है।

मिली जानकारी के अनुसार अर्जुनी थाना क्षेत्र के ग्राम खरेंगा निवासी प्रेमलाल यादव पिता गरीबाराम उम्र 44 वर्ष रविवार की रात्रि बाइक में सवार होकर धमतरी से अपने घर ग्राम खरेंगा जा रहा था। इसी दौरान देवेंद्र नवरंग पिता रवि उम्र 25 वर्ष ग्राम खरेंगा निवासी भी उसी मार्ग से गुजर रहा था। ग्राम कानीडबरी व अमेठी के बीच दोनों बाइक आपस में टकरा गई। इस घटना में प्रेमलाल का पैर फैक्चर हो गया, वहीं देवेंद्र मामूली रूप से घायल हुआ। घटना की सूचना पर संजीवनी 108 के ईएमटी चित्रसेन साहू व पायलट प्रदीप तत्काल घटनास्थल पहुंचे और एम्बुलेंस से उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद घायल प्रेमलाल को वार्ड में शिफ्ट किया गया है, वहीं घायल देवेंद्र को भी भर्ती किया गया जहां इलाज जारी है।



# पुलिस ने ड्रोन से रेकी कर 9 जुआरियों को धरदबोचा

- बेन्द्रा नवागांव के जंगल में चल रहा था जुआ

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

जुआ फड़ को ट्रेस करने पुलिस ने आधुनिक टेक्नोलाजी का उपयोग किया। ड्रोन से रेकी कर जंगल में चल रहे जुआ फड़ में छापा मारकर 9 जुआरियों को गिरफ्तार किया है।

रूद्री पुलिस को मुखबिर से ग्राम बेन्दरा नवागांव के जंगल क्षेत्र में जुआ खेले जाने की सूचना मिली। यह जंगल हाथी विचरण क्षेत्र होने के कारण जुआरियों को भ्रम था कि पुलिस उनके जुआ फड़ तक नहीं पहुंच पाएगी। इसी भ्रम के चलते जुआरियों ने जंगल में जुए की महफिल सजाई थी। वे बिंदास होकर जुआ खेल रहे थे। पुलिस ने भी इसका तोड़ निकालते हुए आधुनिक टेक्नालाजी का उपयोग कर ड्रोन कैमरे की मदद से बेंदरा नवागांव के जंगल क्षेत्र की दो दिन तक रेकी की। आखिरकार पुलिस ने जंगल में चल रहे जुआ फड़ का लोकेशन ट्रेस कर लिया। ड्रोन कैमरे की मदद से पुलिस टीम ने जुआ फड़ में दबिश दी।





पुलिस को देख कुछ जुआरी भागने का प्रयास कर रहे थे लेकिन सतर्कता और पुलिस की घेराबंदी के चलते जुआरी भाग नहीं पाए। पुलिस ने मौके पर 9 जुआरी ऋषभ आजमानी 25 वर्ष लालबगीचा, अनमोल उर्फ सौरभ ज्ञानचंदानी 25 वर्ष इतवारी बाजार, राजीव मीनपाल 27 वर्ष आमापारा, संतोष सोरी 45 वर्ष हाउसिंग बोर्ड कालोनी श्यामतराई, संतोष निर्मलकर 32 वर्ष सोरिद डिपोपारा, सावन यादव उर्फ गुड्डू 32 वर्ष सोरिद नगर, हरीश पवार 19 वर्ष मराठपारा व श्यामलाल ध्रुव 45 वर्ष ग्राम सोरम निवासी को पकड़ लिया। पुलिस ने जुआ फड़ व आरोपियों के कब्जे से नगदी व अन्य सामान जब्त कर रूद्री थाना में धारा 3-2 छग जुआ प्रतिबंध अधिनियम के तहत कार्रवाई की।

### जुआरियों से 2.60 लाख नकदी व सामान जब्त

पुलिस ने जुआरियों से 40 हजार 200 रूपये नकद, 7 नग स्मार्ट फोन, एक नग कीपैड मोबाइल कीमत 1 लाख रूपये, 3 मोटर साइकिल व 1 स्कूटी कीमत 1 लाख 20 हजार रूपये, 1 नग तालपत्री कुल 2.60 लाख रूपये जब्त किए।

## गांजा की बिक्री कर रहा युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

अवैध रूप से गांजा की बिक्री कर रहे युवक को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस को मुखबिर से हनुमंत नगर जाने वाले मार्ग पर एक युवक द्वारा अवैध रूप से गांजा की बिक्री किए जाने की सूचना मिली। पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची, जहां गांजा बेच रहे युवक को पकड़कर पूछताछ की गई। आरोपी ने अपना नाम संजय सोनकर पिता चोखेलाल उम्र 25 वर्ष रामपुर वार्ड निवासी बताया। पुलिस ने तलाशी के दौरान युवक के कब्जे से 178 ग्राम मादक पदार्थ गांजा कीमत 1700 रूपये, मोटरसाइकिल कीमत 85 हजार रूपये, इलेक्ट्रानिक तराजू कीमत 800 रूपये व बिक्री रकम 510 रूपये कुल 88 हजार 10 रूपये की जब्ती की। पुलिस ने धारा 20 (बी) एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर आरोपी संजय सोनकर को गिरफ्तार कर रिमांड पर जेल भेज दिया है।



## तालाब में डूबने से बच्चे की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सांकरा

ग्राम सांकरा के रामनगर के तालाब में डूबने से एक बच्चे की मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि स्कूल से वापस घर आते समय बालक दीपांशु साहू उम्र 6 वर्ष पिता दीपक साहू तालाब में नहाने गया था। बालक के घर नहीं लौटने पर परिवारवालों ने उसकी तलाश शुरू कर दी। इस दौरान पता चला कि बालक तालाब की ओर गया हुआ था। परिजन तालाब पहुंचे। बालक की तालाब में डूबने से मौत हो गई थी। इसकी जानकारी सिहावा पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही तत्काल सिहावा पुलिस घटनास्थल पहुंची और आगे की जांच में जुट गई। इस घटना के बाद गांव में शोक की लहर है।



## दो गांव के ग्रामीणों ने कलेक्टर से नए सिरे से पट्टा जारी करने की मांग की

# सामुदायिक पट्टा को लेकर तीन गांवों के बीच विवाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

तीन गांवों का निस्तार होने के बाद भी अधिकारियों ने एक गांव के नाम पर सामुदायिक वन पट्टा जारी कर दिया है। अब गांवों के बीच विवाद की स्थिति बनी हुई है। आए दिन विवाद से परेशान होकर जिन गांवों के नाम वन पट्टा में अंकित नहीं है, वहां के ग्रामीणों ने कलेक्टर से शिकायत की है और पट्टा को नए सिरे से जारी करने की मांग की है।

वन ग्राम बोकराबेड़ा एवं वनग्राम हिर्रीडीह के आश्रित पचघरिया पारा के ग्रामीण सोमवार को कलेक्टोरेट पहुंचे। उन्होंने बताया कि उनका गुजारा वन परिक्षेत्र बिरगुड़ी तहसील बेलरगांव, थाना सिहावा विकासखण्ड नगरी में होता है। 1 अक्टूबर 2020 को अधिकारियों ने वनपट्टा ग्राम हिर्रीडीह के नाम पर जारी किया है। इस वन में बोकराबेड़ा और पचघरिया पारा का भी गुजारा होता है, लेकिन पट्टा में इन दोनों गांवों का नाम नहीं जोड़ा गया है। पट्टा जारी के संदर्भ में जिस दिन ग्राम सभा आयोजित की गई थी, उसमें इन गांव के ग्रामीणों को विश्वास में नहीं लिया गया। उन्होंने बताया कि यह पट्टा पूर्ण रूप से गलत तरीके से जारी किया गया है। पट्टा जारी होने के बाद वन क्षेत्र में हिर्रीडीह के ग्रामीण एकाधिकार मान रहे हैं। इससे इन गांवों के बीच विवाद और झगड़े की स्थिति बनी हुई है। उन्होंने कलेक्टर को आवेदन सौंपते हुए इस पट्टा को निरस्त कर नए सिरे से जारी करने की मांग की है, जिसमें तीनों गांव के ग्रामीणों को गुजारा का अधिकार मिले।



### भाइयों को नहीं मिला अधिकार

वनपट्टा जारी करने के एक अन्य मामले में बोकराबेड़ा के एक परिवार के सदस्यों ने कलेक्टर से शिकायत की है। उन्होंने बताया कि वन अधिकार पत्र सिर्फ एक व्यक्ति के नाम से बनाया गया है, जबकि इस जमीन पर तीन भाइयों का अधिकार है। मुखिया के नाम से पट्टा होने के कारण सरकारी योजनाओं का लाभ सिर्फ उसे ही मिल रहा है। बाकी भाई खुद को ठगा महसूस कर रहे हैं। उन्होंने इस पट्टा में बाकी अन्य भाइयों का नाम जोड़ने की मांग की है।

## पाठक सूचना

धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

मो. 9826114710, 9993322768
9098324969

## खबर संक्षेप

### एथलेटिक्स में श्रीप्रिया ने जीता रजत पदक



**जीजामगांव।** सरस्वती शिशु मंदिर कुरुद की 10वीं क्लास की छात्रा श्रीप्रिया ध्रुव ने ग्राम दरबा में आयोजित एथलेटिक्स प्रतियोगिता तवा, गोला, भाला फेंक में रजत पदक प्राप्त किया। अब उनका चयन अखिल भारतीय स्तर पर हो गया है। वह घनश्याम-श्रीमती वसुंधरा ध्रुव की पुत्री है। बेंगलुरु में 31 अक्टूबर से 4 नवंबर तक आयोजित प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगी।

### महंगाई कम करने में सरकार विफल : बिंदा



**नगरी।** कांग्रेस की वरिष्ठ नेत्री बिंदा नेताम ने कहा कि केंद्र सरकार की गलत आर्थिक नीतियों एवं जीएसटी के कारण 2017 से आम जनता एवं उपभोक्ता महंगाई की मार से त्रस्त हो चुकी है। देश की अर्थव्यवस्था चरमरा गई है। सामान्य जीवन उपयोगी चीजों की कीमत में बेतहाशा वृद्धि हुई है। केंद्र सरकार जीएसटी सुधार के नाम पर दर पर मामूली बदलाव कर देश की जनता को लालीपाप देने का काम कर रही है और छग सरकार जीएसटी बचत उत्सव मना रही है। महिलाओं को महतारी वंदन योजना का एक हजार देकर घरेलू बिजली बिल दोगुना बढ़ा दिए जिससे आम जनता का शोषण हो रहा है। केंद्र व राज्य सरकार महंगाई कम करने में पूरी तरह विफल हुई है। अपनी नाकामी को छिपाने के लिए सरकार जीएसटी बचत त्योहार मना रही है।

## निधन

### देवेन्द्र जैन



**धमतरी।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. हजारीलाल जैन के पौत्र स्व. धीरेन्द्र कुमार जैन के पुत्र वरिष्ठ कांग्रेस नेता, पूर्व एल्डरमेन देवेन्द्र जैन उम्र 68 वर्ष का आकस्मिक निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार 6 अक्टूबर सोमवार को शांतिघाट में किया गया। उनकी अंतिम यात्रा शाम 4 बजे आमापारा निवास स्थान से निकली। वे अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़ गए। वे पूर्व मंडी उपाध्यक्ष विजय प्रकाश जैन के भतीजे, स्व. राजेन्द्र जैन, सुरेन्द्र जैन, नरेन्द्र, अनिल एवं सुनील जैन के भाई व ऋषभ जैन, रश्मि जैन के पिताजी थे। उनके निधन से शहर ने एक सेवाभावी व्यक्तित्व खो दिया। नागरिकों ने उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

### श्रीमती शीला नायक



**धमतरी।** डॉ. रविन्द्र नायक की पत्नी श्रीमती शीला नायक का निधन सोमवार 6 अक्टूबर को शाम 4:25 बजे हो गया। अंतिम यात्रा मंगलवार 7 अक्टूबर को सुबह 10:30 बजे एमबी हाउस बस्तर रोड से शांतिघाट के लिए निकलेगी। उनके निधन पर सुनील, अनिल, अजय, राजेश, मनीष, दीपक जैन, अर्पित, अतिशय, अरिहंत समेत अन्य लोगों ने शोक जताया है।

### खिसोरा में संघ के शताब्दी वर्ष पर विजयादशमी उत्सव एवं पथ संचलन हुआ

# ग्रामीणों ने पुष्पवर्षा कर स्वयंसेवकों का किया स्वागत



**हरिभूमि न्यूज ⏭मगरलोड**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर ग्राम खिसोरा (मगरलोड) में विजयादशमी उत्सव एवं पथ संचलन का आयोजन हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि देवकर साहेब असंग देव कबीर आश्रम सोनपैरी, मुख्य वक्ता यशपाल राणा प्रांत प्रशिक्षक विश्व हिंदू परिषद रहे।

मुख्य वक्ता यशपाल राणा ने अपने उद्बोधन में कहा कि संघ का शताब्दी वर्ष भारतीय संस्कृति, संगठन और राष्ट्रनिष्ठा का प्रतीक है। संघ कार्य का उद्देश्य समाज में एकता, अनुशासन और सेवा की भावना को प्रबल करना है।

मुख्य अतिथि देवकर साहेब ने विजयादशमी पर्व के महत्व पर प्रकाश



डालते हुए कहा कि यह पर्व असत्य पर सत्य की विजय का प्रतीक है और संघ इसी आदर्श पर कार्य करता है।

कार्यक्रम में स्वयंसेवकों ने अनुशासित पथ संचलन कर राष्ट्रीय एकता और गौरव का संदेश दिया। ग्रामवासियों ने पुष्पवर्षा कर स्वयंसेवकों का स्वागत किया। कार्यक्रम में विरेन्द्र साहू जनपद अध्यक्ष मगरलोड, रोहित मोहन साहू, भाजपा मंडल अध्यक्ष मगरलोड, राजेश साहू, जनपद सभापति, होरीलाल साहू, छबि साहू, हरीश्वर साहू, मीना साहू सभापति जिपं धमतरी, राखी साहू, सरपंच संघ अध्यक्ष मगरलोड, तिलोत्तमा साहू जनपद सदस्य समेत अनेक सामाजिक कार्यकर्ता, ग्रामीणजन एवं स्वयंसेवक बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# राष्ट्र निर्माण में सहयोगी बनें सर्व हिंदू समाज : ठाकुर राम

- सिर्री में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का हुआ पथ संचलन

**हरिभूमि न्यूज ⏭सिर्री**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष पर ग्राम सिर्री में विजयादशमी उत्सव एवं शस्त्र पूजन कार्यक्रम 5 अक्टूबर को रखा गया जिसमें सिर्री मण्डल के 12 गांव सिर्री, फुसेरा, खर्रा, दर्रा, चिंवरी, संकरी, सिवनीकला, अछोटी, आलेखुटा, गांतापार, ढेठा, कुल्हाड़ी के स्वयंसेवक शामिल हुए। प्रारंभ में भारतमाता, डॉ. हेडगेवार के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर शस्त्र



पूजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व व्याख्याता शा.उ.मा.वि. सिर्री रामेश्वर प्रसाद सिन्हा, मुख्य वक्ता राजिम विभाग के विभाग प्रचारक ठाकुरराम रहे। ठाकुर राम ने पंच परिवर्तन एंव संघ के विषय में अपनी बात रखी। उन्होंने सर्व हिन्दू समाज को संगठित होकर राष्ट्र निर्माण में सहयोगी बनने और पंच परिवर्तन को सफल बनाने का सर्व समाज से आग्रह किया। पंच परिवर्तन, कुटुम्ब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक समरसता, स्व का बोध और नागरिक कर्तव्य बिन्दु शामिल थे। मंचीय कार्यक्रम से पहले पथ संचलन हुआ। ध्वजवाहक गजेन्द्र साहू थे।

मौके पर भोज साहू, चन्द्रकांत देवांगन, सिर्री सरपंच देशांत सिन्हा, भाजपा सिर्री मंडल अध्यक्ष डॉ. लोकेश साहू, डॉ जनक कुम्भकार, पुष्पेंद्र साहू, कलीराम ध्रुव, सुरेश सार्वा, योगेश साहू, शोभाराम पटेल, जागेश्वर सिन्हा, रोहित कुमार निर्मलकर, धनश्याम पटेल, रोशन विश्वकर्मा, अभिषेक त्रिपाठी, हीरालाल साहू, रोशन साहू, कपिल पटेल, डीलेन्द्र यादव, जितेश्वर ध्रुव सरपंच सिवनीकला , लुकेश सार्वा, ओमप्रकाश साहू, डॉ विनोद साहू, डॉ. योगेन्द्र साहू, नरेन्द्र ध्रुवंशी, राधेरमन साहू, सितेश्वर सिन्हा समेत अन्य स्वयंसेवक उपस्थित थे।

# रामधुनी में बोरसी प्रथम व बनबगौद की मंडली रही द्वितीय

- गायन में भिराई एवं अनुशासन में गोड़पार को मिला पुरस्कार

**हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद**

ग्राम-जोरातराई (सि.) में अनुराग दुर्गा उत्सव समिति एव ग्रामवासियों के सहयोग से छह दिवसीय भव्य रामधुनी झांकी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। जिसमें जय मां बालक राम धुनी मंडली बोरसी (भोथा) कथा नरसिंग अवतार ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं जय छत्तीसगढ़ रामधुनी मंडली बनबगौद (कुकरेल) कथा प्रसंग राजा हरिश्चंद्र को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष कुरुद श्रीमती गीतेश्वरी साहू थी। अध्यक्षता



सरपंच प्रीति साहू ने की। उन्होंने आयोजन की सराहना की एवं निर्णायकों के निर्णय सुना प्रतिभागी मंडलियो को पुरस्कृत किया। तृतीय स्थान जय सरस्वती रामधुनी पार्टी भिरई (पलारी) कथा प्रसंग बाली उद्धार को मिला। चतुर्थ स्थान जय शीतला रामधुनी पार्टी गुजरा (डोमा) कथा बाली उद्धार, पंचम स्थान जय सरस्वती रामधुनी मंडली-गोड़पार (बालोद) कथा प्रसंग राम वनवास एवं षष्ठम स्थान मोर नान्हे संगवारी रामधुनी मंडली जोरातराई कथा प्रसंग भक्त प्रह्लाद को मिला। झांकी में बनबगौद, गायन में भिरई एवं अनुशासन में गोड़पार की मंडली ने स्थान पाया। आयोजक समिति द्वारा विजेता मंडली को प्रथम पुरस्कार 3501 रू, द्वितीय पुरस्कार 3001 रू, तृतीय पुरस्कार 2501 रू, चतुर्थ पुरस्कार 2001 रू, पंचम पुरस्कार 1501 रू, संगीत विशेष पर 501 रू, झांकी विशेष पर 501 रू, अनुशासन विशेष 501 रू दिया गया।

कार्यक्रम में गजेंद्र साहू, गैंदलाल साहू, बसंत साहू, लालाराम साहू, डामन लाल साहू, नरोत्तम, भीखम साहू, नन्दकुमार, गोवर्धन साहू, टिकेश्वर साहू, नरेश साहू, प्यारेलाल साहू, रूपनारायण साहू का विशेष योगदान रहा।

### कुश्ती में तुलसी का चयन



**धमतरी।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सोरम के छात्र तुलसी सिन्हा कक्षा दसवीं का चयन राज्य स्तरीय शालेय कुश्ती प्रतियोगिता के लिए हुआ है। प्र ति यो गि ता जांजगीर-चांपा में 9 अक्टूबर तक होगी। प्राचार्य जेआर साहू, पूर्णिमा वारदे, अंजु लिखी, वीपी साहू, गुलेश्वरी देवांगन, सरिता शर्मा, दानेश्वरी सिन्हा, मनोरमा, छाया श्रीवास्तव, नलिनी मिश्रा, सरस्वती ध्रुव, सुभद्रा यादव, सारिका वर्मा, प्रभा साहू, व्यायाम शिक्षक सुनील कुमार सिन्हा, पूर्णिमा गोटा, वंदना, योगेश कुमार साहू, सुप्रिया गजेंद्र, कांति कन्नौजे, महेश्वरी साहू, प्रहलाद साहू ने हर्ष जताया है।

### करेली बड़ी में अहिंसा के पुजारी की जयंती मनाई गई

# महात्मा गांधी के योगदान को पूरा देश जानता है : डामेश्वरी

**हरिभूमि न्यूज ⏭मगरलोड**

उपतहसील करेली बड़ी में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं लालबहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई। सुरुज देवी साहू द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सत्य, अहिंसा के पुजारी राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा में डामेश्वरी साहू, राज साहू ने माल्यार्पण कर पूजा-अर्चना की।

डामेश्वरी साहू ने कहा कि महात्मा गांधी सत्य, अहिंसा के पुजारी हैं। उन्होंने सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलकर देश को अंग्रेजों के चुंगल से मुक्त कराकर भारत को स्वतंत्र कराया। महात्मा गांधी के योगदान को पूरा देश जानता है। कुशलकांत साहू ने कहा कि महात्मा गांधी के मार्ग पर चलकर देशभक्तों ने भारत को आजाद कराया। उन्होंने जीवन पर सत्य और अहिंसा के मार्ग को अपनाया। उन्होंने भारत छोड़ो आंदोलन चलाकर आजादी की राह दिखाई। मंच संचालक सन्तोष सारथी ने कहा कि गांधी जी जीवनपर्यंत सत्य के मार्ग पर चले। अंग्रेजों ने जब भारत को अपना गुलाम बनाया, तब महात्मा गांधी ने अहिंसा के मार्ग को चुनकर आंदोलन



किया और अंग्रेजों से लड़ाई लड़ी। पूर्णिमा साहू ने बताया कि लंबे समय से उनका परिवार करेली बड़ी के पटवारी पारा में गांधी जयंती मनाता है। ग्रामीणों के सहयोग से स्वच्छता अभियान चलाया। गांधी जी की प्रतिमा का रंग रोगन किया गया।

इससे गांधी चौक की खूबसूरती बढ़ गई है।मौके पर जनपद सदस्य देवेंद्र पाल, तामेश्वर सोनकर, राज साहू, सत्यम साहू, युवराज साहू, अनीता साहू, पूर्वी साहू समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

# नशामुक्त रहने, स्वच्छता को अपनाने का लिया संकल्प



**धमतरी।** ग्राम पोटियाडीह में नवरात्रि पर नशामुक्ति पर व्याख्यान, पर्यावरण संरक्षण, राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों का सम्मान एवं माता का जगराता कार्यक्रम रखा गया। अतिथि खेल प्रशिक्षक टिकेश्वर निर्मलकर, क्रीड़ा भारती धमतरी के वरिष्ठ सह मंत्री रामकुमार साहू, खेल प्रशिक्षक दुर्गेश पटेल, सरपंच श्रीमती शिवकुमारी जांगड़े, उपसरपंच राजीव गिरी गोस्वामी, ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष शिशुपाल जांगड़े, अंकुर गोस्वामी, विक्रम साहू, प्रेमलाल सोनवानी, अजीत साहू उपाध्यक्ष थे। श्री टिक्की ने कहा कि आज युवा वर्ग नशे में लिप्त हो चुका है। उसे नशे से मुक्ति दिलानी होगी और खेलों के प्रति जागरूक करना होगा। इस दौरान राष्ट्रीय किक बॉक्सिंग खिलाड़ी नम्रता साहू पिता सुदर्शन साहू को जूनियर नेशनल चैंपियनशिप हिमाचल प्रदेश में पदक जीतने पर एवं मोक्ष साहू पिता राघवनंदन साहू को सम्मानित किया गया। इस दौरान युवाओं ने नशामुक्त रहने, स्वच्छता को अपनाने का संकल्प लिया।

- पोटियाडीह में नवरात्रि पर हुआ नशामुक्ति पर व्याख्यान

### छह माह पूर्व बेलरबाहरा में यादव परिवार ने दूसरा धर्म अपनाया था

# समाजजनों की समझाइश पर धर्मांतरित परिवार पुनः अपने मूल धर्म में लौटा

**हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी**

ग्राम बेलरबाहरा में यादव समाज की एकता और सतत प्रयास ने सामाजिक समरसता की नई मिसाल पेश की है। समाज के प्रयास से धर्मांतरित एक परिवार ने पुनः अपने मूल धर्म और परंपराओं में वापसी कर ली है। करीब छह माह पूर्व ग्राम बेलरबाहरा के सरजू राम यादव एवं उनके परिवार ने दूसरा धर्म अपना लिया था। यादव महासभा सिहावा क्षेत्र के नेतृत्व में समाज प्रमुखों ने उक्त परिवार को अपने मूल धर्म में लौटने हेतु प्रेरित किया। समाज की बातों और परंपराओं से प्रभावित होकर सरजूराम यादव ने अपनी भूल स्वीकार की और पुनः अपने कुल धर्म में लौटने की इच्छा जताई। बैठक की शुरुआत यादव समाज की पारंपरिक विधियों और हिंदू संस्कारों के अनुसार इष्टदेव की पूजा-अर्चना से हुई। इसके बाद



परिवार ने समाज के समक्ष क्षमायाचना कर पुनः अपने मूल धर्म में प्रवेश किया।

मौके पर रामसिंह यादव सभापति बेलरबाहरा, अंकालुराम यादव अध्यक्ष भोथली परिक्षेत्र, नरेश यादव उपाध्यक्ष भोथली, हरीश यादव कोषाध्यक्ष घटुला, गजानंद आहिर सचिव, तुमड़ीबहार, प्रहलाद यादव संरक्षक फरसियां, गोवर्धन यादव पाडरवाही, छतर यादव सलाहकार, माखन यादव वार्ड पंच, तुमड़ीबाहर, बरसन यादव गोरेगांव, गोकुल यादव फरसियां, कुंजल यादव नवागांव, जगन्नाथ यादव भोथली, कीर्तन यादव भैंसासांकरा, मीनाक्षी यादव अध्यक्ष तुमड़ीबहार, डीके यादव प्रदेश उपाध्यक्ष सर्व यादव समाज छग समेत अनेक सदस्यों का सराहनीय सहयोग रहा। समाज के पदाधिकारियों ने कहा कि एकता, धैर्य और सतत प्रयास से किसी भी भटके हुए व्यक्ति को पुनः मुख्यधारा से जोड़ा जा सकता है। हमें अपनी संस्कृति, कुल और धर्म पर गर्व करना चाहिए तथा नई पीढ़ी को भी इसके संरक्षण की प्रेरणा देनी चाहिए।

# आरएसएस के शताब्दी वर्ष पर खंड नगरी में विजयादशमी उत्सव की श्रृंखला शुरू

**हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष उत्सव के अंतर्गत खंड नगरी में विजयादशमी पर्व को विशेष उत्साह, अनुशासन और संगठनात्मक एकता के साथ मनाने हेतु विविध कार्यक्रमों की श्रृंखला निर्धारित की गई है।

कार्यक्रम का शुभारंभ 3 अक्टूबर को नगरी में पथ संचलन और विजयादशमी उत्सव से किया गया। 7 अक्टूबर को सांकरा, 8 अक्टूबर को मेचका और घुटकेल, 9 अक्टूबर को बेलर, 10 अक्टूबर को बिरगुड़ी एवं दुगली, 11 अक्टूबर को केरेगांव, 12 अक्टूबर को राजपुर, 13 अक्टूबर को गट्टासिली एवं गढ़डोंगरी, 14 अक्टूबर को सिहावा और 15 अक्टूबर को फरसियां में उत्सव मनाया जाएगा। इस दौरान हर ग्राम में स्वयंसेवक आकर्षक गणवेश में अनुशासित पंक्तियों में पथ संचलन करेंगे, तत्पश्चात सांस्कृतिक एवं प्रेरणादायी कार्यक्रमों के माध्यम से समाज के प्रति जागरूकता का संदेश देंगे। संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने बताया कि इस ऐतिहासिक अवसर पर प्रत्येक कार्यकर्ता का यह कर्तव्य है कि वह अपने निकटतम क्षेत्र के कार्यक्रमों में अनिवार्य रूप से उपस्थित होकर सहयोग प्रदान करें।

## अंचल की खबरें

### क्रिकेट स्पर्धा में झीपाटोला ने मारी बाजी



**मगरलोड।** केआरसी क्रिकेट क्लब एवं ग्रामवासियों के सहयोग से ग्राम केकराखोली में ग्रामीण स्तरीय टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता 25 सितम्बर से प्रारंभ हुई जिसका फाइनल मुकाबला 3 अक्टूबर शुक्रवार को हुआ है। प्रतियोगिता में प्रथम झीपाटोला मॉड़मसिल्ली, द्वितीय जवरगांव, तृतीय धौराभाठा, चतुर्थ स्थान पर सेलबाहरा की टीम रही।

### सहकारी कर्मचारियों की हुई बैठक



**पुरी।** सहकारी समिति कर्मचारी संघ जिला धमतरी की कार्यकारिणी बैठक एवं प्रबंधकों की बैठक 5 अक्टूबर को दोपहर 1 बजे धमतरी में आयोजित की गई। लंबित 3 सूत्रीय मांगों के लिए आयोजित अनिश्चितकालीन आंदोलन को सफल बनाने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। यह जानकारी नरेंद्र कुमार साहू जिला कार्यवाहक अध्यक्ष ने दी।

### कविता का पशुपालन महाविद्यालय में चयन



**नगरी।** आदिवासी ध्रुव गोड़ समाज तहसील नगरी उपक्षेत्र पोडागांव की कविता ध्रुव पिता भारत ध्रुव का चयन पशु चिकित्सक विज्ञान एवं पशुपालन महाविद्यालय में हुआ। कविता ने नीट परीक्षा देकर अच्छे अंक के साथ अपना स्थान महाविद्यालय में बनाया। इस अवसर पर आदिवासी ध्रुव गोड समाज तहसील नगरी युवा प्रभाग अध्यक्ष नरसिंग मरकाम एवं सामन्य प्रभाग पूरन नेताम सहसचिव कविता ध्रुव के गृह निवास पहुंचे और उन्हें प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया और कहा कि नीट परीक्षा पास करना आसान नहीं है। कविता ने इस कठिन परीक्षा को लगन के साथ पढ़ाई करते हुए पास कर लिया। इस अवसर पर ओमप्रकाश नाग, कुंता लाल नाग, विक्रम सूर्यकर, दीपक नाग, गायत्री नाग, दामिनी ध्रुव मौजूद रहे।

### दलदली में बुढ़ादेव की प्रतिमा स्थापित



**नगरी।** ग्राम पंचायत बिलभदर के आश्रित ग्राम दलदली में भगवान बुढ़ादेव की प्रतिमा स्थापना श्रद्धा एवं विधि-विधान के साथ की गई। इस अवसर पर विधायक सिहावा, जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सार्वा, सरपंच चित्ररेखा कुंजाम, उपसरपंच विसंभर सोरी, हेमन्त देवदास, पंचगण दानेश साहू, राजकुमार नेताम, जया मरकाम, मानबाई कुंजाम, मालती गोटा, दुर्गेश नेताम, रानू नेताम, उर्मिला पडोटी, पुकेश मरकाम, दुलेश्वरी नेताम, लीलाम्बर सोरी, छबिलाल देवदास कोटवार, भीमसिंग पटेल ग्राम पटेल समेत अन्य उपस्थित रहे। सरपंच ने अपने उद्बोधन में कहा कि देवी-देवताओं की आराधना से गांव का वातावरण सुख, शांति और समृद्धि से परिपूर्ण रहता है।

### मरार समाज के पदाधिकारी चुने गए

**मगरलोड।** मधुबन धाम में मां शाकंभरी के मंदिर निर्माण के लिए स्थान का चयन किया गया है।

इसी क्रम में सामाजिक संगठन एवं विकास हेतु समिति गठित कर पदाधिकारियों का चयन सर्वसम्मति से किया गया। अध्यक्ष संतोष पटेल, उपाध्यक्ष ओमप्रकाश पटेल, सचिव दीपक पटेल, सहसचिव दाऊ राम पटेल, कोषाध्यक्ष मदन पटेल, सहकोषाध्यक्ष टिकेश्वर पटेल, संरक्षकगण तेजराम, श्यामाचरण पटेल, मुख्य सलाहकार देवेंद्र पटेल, शिवदयाल, तुलसी राम, दौलत राम पटेल हैं।

सदस्यों में नीरज पटेल, मस्तराम पटेल, गिरधारी पटेल, तोरण लाल, भूपेंद्र कुमार, कुलेश्वर, सुखराम, रोहित, राजेश, बिसहत, चम्मन, दाऊ लाल, प्रभुदयाल पटेल शामिल हैं। यह जानकारी टिकेश्वर पटेल राकांडीह ने दी है।

## खबर संक्षेप

### सांसद खेल महोत्सव : ग्रामीण स्तर पर 7 से 17 अक्टूबर तक होंगी खेल प्रतियोगिताएं

■ कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने तैयारी के संबंध में अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश

**धमतरी।** युवा प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने एवं फिट इंडिया मूवमेंट को बढ़ावा देने हेतु जिले में सांसद खेल महोत्सव 2025 का आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिताएं संकुल स्तर से लेकर लोकसभा स्तर तक होंगी। इसमें गोला फेंक, भाला फेंक, लंबी व ऊंची कूद, बैडमिंटन, दौड़, खो-खो, कबड्डी, वॉलीबॉल आदि खेल शामिल रहेंगे। प्रतियोगिताओं में 14 से 24 वर्ष तक के बालक-बालिकाएं तथा महिला-पुरुष खिलाड़ी सहित 18 वर्ष तक, 18 से 40 वर्ष तक एवं 40 वर्ष से अधिक आयु वर्ग भी शामिल किए गए हैं। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। जनपद पंचायत नगरी में 7 एवं 8 अक्टूबर को खेल मैदान कुकरेल, 9 एवं 10 अक्टूबर को हायर सेकेण्डरी स्कूल मैदान दुगली, 11 और 12 अक्टूबर को खेल मैदान सांकरा, 14 एवं 15 अक्टूबर को हायर सेकेण्डरी स्कूल मैदान बेलरगांव और 17 अक्टूबर को मिनी स्टेडियम डमकाडीह नगरी में खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। इसी तरह जनपद पंचायत कुरूद के खेल मैदान पचपेड़ी में 7 एवं 8 अक्टूबर को, मिनी स्टेडियम चर्रा में 9 एवं 10 अक्टूबर को, मिनी स्टेडियम बगौद में 11 एवं 12 अक्टूबर, मिनी स्टेडियम कठौली में 14 तथा 15 अक्टूबर और अटल बिहारी बाजपेयी स्टेडियम कुरूद में 17 अक्टूबर को खेल प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। जनपद पंचायत धमतरी के ग्राम भोथीपार खेल मैदान में 7 अक्टूबर, ग्राम देवपुर खेल मैदान में 9 अक्टूबर, खेल स्टेडियम रूदेश्वर मंदिर के पास रूद्री में 11 अक्टूबर और ग्राम डाही खेल मैदान में 14 अक्टूबर को प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। यह सभी खेल प्रतियोगिताएं ग्रामीण स्तर पर आयोजित की जाएंगी।

### साहू समाज खिसोरा परिक्षेत्र के अध्यक्ष बने रामचरण

**मगरलोड।** साहू विकास समिति परिक्षेत्र खिसोरा का चुनाव कार्यक्रम मधुबन धाम रांकाडीह में 3 अक्टूबर शुक्रवार को आयोजित किया गया। जिसमें ग्राम गाड़ाडीह निवासी रामचरण साहू को अध्यक्ष पद से नवाजा गया। ग्राम बोडरा निवासी टेकराम साहू को उपाध्यक्ष, ग्राम बोडरा निवासी श्रीमति दामिनी साहू को महिला उपाध्यक्ष, ग्राम सांकरा निवासी भोजराम साहू को संगठन सचिव व ग्राम कपालफोड़ी निवासी श्रीमति दमयंतीन साहू को महिला संगठन सचिव की कमान सौंपी गई। नवनिर्वाचित सभी पदाधिकारियों को साहू विकास समिति परिक्षेत्र खिसोरा के स्वजातीय लोगों ने बधाई प्रेषित की है।

### भावसिंह सतनामी समाज के जिलाध्यक्ष बने

**धमतरी।** सतनामी समाज की जिला स्तरीय बैठक डोंगेश्वर धाम देवपुर में आयोजित की गई। बैठक में समाज की एकता और संगठन को मजबूती पर जोर दिया गया। बैठक में सर्वसम्मति से भावसिंह डहरे को जिला अध्यक्ष और विजय सोनवानी को कार्यकारी अध्यक्ष चुना गया।

### नारी शक्ति धर्म की स्थापना में अग्रणी : दीपक सिंह

**धमतरी।** शारदीय नवरात्रि पर्व पर पोटियाडीह में मां दुर्गा आयोजन समिति द्वारा धार्मिक नाट्य मंचन का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि हिंदू जागरण मंच के प्रांत युवा प्रमुख दीपक सिंह ठाकुर थे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि नारी समाज की आदर्श स्वरूप है और उसकी सुरक्षा हम सभी की जिम्मेदारी है। आज के समय में नारी सम्मान व सुरक्षा चिंतन का विषय है। समाज को संगठित होकर अवैध गतिविधियों के खिलाफ आवाज उठानी चाहिए। उन्होंने कहा कि जैसे प्रभु श्रीराम ने शक्ति की आराधना कर रावण का वध किया, वैसे ही हमें भी मातृशक्ति के साथ मिलकर सामाजिक बुराइयों का अंत करना चाहिए। मां दुर्गा द्वारा महिषासुर वध की कथा इस बात का प्रतीक है कि नारी शक्ति धर्म की स्थापना में अग्रणी है।

संघ के शताब्दी वर्ष पर मराठापारा बस्ती ने रखा आयोजन, फूलों की वर्षा कर किया स्वागत

# स्वयंसेवकों ने पथ संचलन कर दिया एकता और राष्ट्र भक्ति का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी





राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100वें स्थापना दिवस पर सोमवार को मराठापारा बस्ती द्वारा संघ का विशेष कार्यक्रम हुआ, जिसमें स्वयंसेवकों ने गणवेश धारण कर दोपहर 3:30 बजे से 4:30 बजे तक नगर में भव्य पथ संचलन किया। शौर्य और अनुशासन का प्रदर्शन किया। पथ संचलन के माध्यम से एकता और राष्ट्र भक्ति का संदेश दिया। नौजवानों के जोश से मार्ग गूंज उठा। अनुशासन देखते ही बना। पथ संचलन की हौसला अफजाई करने नागरिकों की भीड़ उमड़ पड़ी। रास्ते के दोनों किनारे खड़े होकर फूलों की वर्षा कर स्वागत किया तथा पीछे-पीछे चलकर पथ संचलन के साक्षी बने। भारत माता के नारे लगाए। सुरक्षा सेवा और अनुशासन का संदेश दिया। अनुशासन, राष्ट्र भक्ति और सेवा भाव दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। बैज, भगवाध्वज, कदमताल से मार्ग गूंज उठा। फूलों से स्वागत कर नागरिकों ने अभिनंदन किया। मार्गों में उत्सव की झलक दिखी।

पथ संचलन दोपहर 3:30 बजे नूतन स्कूल से प्रारंभ हुआ जो मराठामंगल भवन, बांसपारा, साहू छात्रावास भवन, रितुराज निवास से वापस मंगलभवन पहुंचा। इसके बाद दाजी मराठी स्कूल चौक, अनिल रंगोली भंडार, सदरबाजार, साहू बाड़ा होते हुए कार्यक्रम स्थल नूतन स्कूल पहुंचा।

मंचीय कार्यक्रम में मुख्य वक्ता प्रांत कार्यवाह राष्ट्रीय स्वयं संघ छत्तीसगढ़ चन्द्रशेखर देवांगन ने कहा कि संघ की तीन पीढ़ी कम्पलीट हो गई। अब चौथी पीढ़ी को सर्व शक्तिमान होने का इंतजार है। विश्व को सर्वव्यापी होने का संदेश दें। संघ को आत्मसमर्पित नौजवानों की जरूरत है जो देशहित में काम करने का हौसला रखते हो। हमें अपना समाज स्थापित करना है। कुछ लोगों का भ्रम तोड़ना है। अपनी लड़ाई, कहानी स्वयं तैयार करनी है। क्षमता इतनी बलवती हो जाए कि लोग संघ में प्रवेश करने लिए प्रतीक्षा करे। हमें ऐसा भारत बनाना है कि हमारे नेतृत्व को विश्व स्वीकार करें। पूरे विश्व का केन्द्र बिंदु भारत बने। भारत अनुकूलता, बदलाव, संघर्ष की ओर बढ़ रहा है। आगे कहा कि आक्रमणकारियों ने भ्रम फैलाने की कोशिश की। इसे हटाने पंच परिवर्तन की परिभाषा लागू करें। देशभक्ति का मतलब सब कुछ न्यौछावर है। नागरिक कर्तव्यों का पालन करें।

स्वयंसेवक हर क्षेत्र में काम करें। हिन्दुत्व के भाव को बचाकर रखना है। लोगों को जागृत करें। संस्कृति, सनातन, समाज को जोड़ने का कार्य करें। कुत्सित प्रयास को असफल करें। वर्तमान में विश्व का नजरिया भारत के प्रति बदला है। भारत आज उच्च शिक्षित, उद्यमियों का देश बन रहा। हर रोज नए अनुसंधान हो रहे हैं।



अब विश्व हमसे सीखने में लगे हैं।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे दीपक लोंढे अध्यक्ष मराठा समाज धमतरी ने कहा कि संघ से हमने अनुशासन व माता-पिता से संस्कार सीखा। भावी पीढ़ी को अनुशासन, संस्कार शौर्य, साहस, पराक्रम, देशभक्ति सिखाने के लिए संघ की शाखा में भेजें। संघ को अपनाएं। विचारधारा स्वीकार करें। संघ ही देश का भला कर सकता है। कार्यक्रम के दौरान 100 से अधिक स्वयंसेवकों ने गणवेश में पथ संचलन किया। मंचीय कार्यक्रम देर शाम तक चला। इस अवसर पर मंच पर नगर संघचालक रामलखन गजेंद्र, जिला संघचालक श्याम अग्रवाल, नेहिल गजेन्द्र, इंदर चोपड़ा, विनोदराव रणसिंह, प्रताप राव कृदत्त, शिवाजी भोसले, योगेश जगताप, कैलाशराव भोसले, मनोहर पवार, ऋषिकांत सिन्हा, राहुल चोपड़ा, गोपालराव रणसिंह, निर्मल बरड़िया, महावीर चोपड़ा, दिनेश पटवा, पवन कौशिक, शिवाजी साहू, ध्वज वाहक खुशहाल यादव, भागवत यादव, नंदू लोधी, राकेश जाधव, घनश्याम साहू, राजिम विभाग सहकार्यवाह, जितेन्द्र युद जिला संघचालक, खंड संघचालक राधेश्याम साहू, होमेश चन्द्राकर, नगर सहसंघचालक महेश शर्मा, उमेश सिंह बशिष्ट नगर प्रचार प्रमुख, राजू सोनकर, योगेश साहू, राकेश जाधव, अयांश बशिष्ट, कान्हा राठी, लय चन्द्राकर के अलावा डॉ. एसके शांडिल्य, चंदूलाल चन्द्राकर, नील पटेल, प्रदीप अग्रवाल, अनीता अग्रवाल, बीथिका विश्वास, प्रतीक्षा बाबर, साधना रणसिंह, दुर्गा रणसिंह, संगीता जगताप, चन्द्रकला पटेल, कल्पना रणसिंह सहित संघ परिवार से जुड़े लोग उपस्थित थे।

## डीएड/डीएलएड अभ्यर्थियों ने कुरूद विधायक को सौंपा ज्ञापन



■ 2300 रिक्त पदों पर शीघ्र नियुक्ति करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी/कुरूद

सहायक शिक्षक भर्ती में बचे हुए 2300 रिक्त पदों पर शीघ्र नियुक्ति की मांग को लेकर गुरुवार को डीएड/डीएलएड अभ्यर्थियों ने विधायक अजय चंद्राकर से मुलाकात कर उन्हें ज्ञापन सौंपा। अभ्यर्थियों ने बताया कि भर्ती प्रक्रिया के पांचवें चरण में कुल 2600 पदों के लिए काउंसलिंग हुई थी, लेकिन दस्तावेज सत्यापन के बाद केवल 1299 अभ्यर्थियों को ही नियुक्ति दी गई। शेष 1316 पद रिक्त रह गए, जबकि 984 पद न्यायालय में लंबित हैं। कुल मिलाकर 2300 पद अभी भी खाली हैं। अभ्यर्थियों ने विधायक को बताया कि वे वर्षों से नियुक्ति की मांग कर रहे हैं। कई बार विभागीय स्तर पर आवेदन देने और मंत्रियों से मिलने के बावजूद उन्हें केवल आश्वासन ही मिला है। विभाग की लापरवाही के चलते टेट उत्तीर्ण इन प्रशिक्षित अभ्यर्थियों का भविष्य अधर में लटका है। इससे परेशान होकर उन्होंने उच्च न्यायालय की शरण ली थी।

26 सितंबर को उच्च न्यायालय ने आदेश देते हुए सरकार को निर्देशित किया कि दो माह के भीतर सभी 2300 पदों पर नियुक्ति प्रक्रिया पूरी की जाए। बावजूद इसके अब तक विभाग ने कोई ठोस कार्रवाई नहीं की है। अभ्यर्थियों ने मांग की कि रिक्त पदों पर 1:3 अनुपात में छठवें चरण की काउंसलिंग शीघ्र शुरू की जाए। इससे पहले भी रायपुर में कई बार प्रदर्शन किए जा चुके हैं, लेकिन अब तक केवल आश्वासन ही मिला है। हाईकोर्ट के आदेश के बाद अब अभ्यर्थियों को न्याय की उम्मीद जगी है।

## मां दुर्गा विसर्जन झांकी महोत्सव के परिणाम घोषित : मराठापारा समिति रही प्रथम

■ अनुशासन, व्यवस्था और हिंदू समाज की एकता बना आयोजन का संदेश : दीपक सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



**प्रतियोगिता के परिणाम इस प्रकार रहे**

प्रथम स्थान सार्वजनिक दुर्गोत्सव समिति, मराठापारा, द्वितीय स्थान नवमित्र मंडल, विवेकानंद नगर (धमतरी की महारानी), तृतीय स्थान नवयुवक दुर्गा उत्सव समिति, धोबी चौक, चतुर्थ स्थान हिंदू साम्राज्य दुर्गा उत्सव समिति, आमापारा, पंचम स्थान श्री दुर्गा उत्सव समिति, सुंदरगंज वार्ड अन्य समितियों को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किए गए।

मां दुर्गा झांकी विसर्जन महोत्सव आयोजन समिति एवं हिंदू जागरण मंच धमतरी के तत्वाधान में आयोजित विसर्जन झांकी महोत्सव के पुरस्कार वितरण एवं परिणाम घोषणा कार्यक्रम का आयोजन शनिवार संध्या महाराणा प्रताप भवन, विवेकानंद नगर में किया गया। कार्यक्रम में समाजसेवी, पत्रकार बंधु, जनप्रतिनिधि, प्रतिभागी समितियों के प्रतिनिधि, निर्णायक मंडल एवं सहयोगी आमंत्रित थे। मां दुर्गा की वंदना और अतिथियों के स्वागत-अभिनंदन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ।

कार्यक्रम में अतिथि के रूप में सुधीर गुप्ता, मेघराज ठाकुर, रंजीत सिंह छाबड़ा, राममिलन साहू उपस्थित रहे। निर्णायक मंडल में नीलमणि साहू, यशवंत साहू और भागवत साहू शामिल थे, जबकि कार्यक्रम के सहयोग में निकेत दोशी, प्रथम रोहरा, दीपक सिंह ठाकुर एवं प्रवीण साहू की विशेष भूमिका रही।

अतिथियों ने अपने संबोधन में कहा कि ऐसे आयोजन समाज को जोड़ने और एकता का प्रतीक हैं। यह न केवल सनातन संस्कृति के संरक्षण का माध्यम हैं, बल्कि समाज में समरसता और संगठन शक्ति को भी बढ़ाते हैं। हिंदू जागरण मंच द्वारा जिले में किए जा रहे कार्यों की भी सर्वत्र सराहना की गई।

कार्यक्रम का संचालन जिला संयोजक पुरुषोत्तम निषाद ने किया तथा जिला सह-संयोजक चित्रेश साहू ने अतिथियों एवं समितियों का आभार व्यक्त किया।

## नगरी में हुआ वृद्धजन पेंशनरों का सम्मान

■ पेंशनर्स समाज ने किया आयोजन, शाल, श्रीफल और मोमेंटो भेंट किया

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी



छग पेंशनर्स समाज जोन नगरी द्वारा तहसील पेंशनर्स समाज भवन नगरी में जोन नगरी के 85 वर्ष से अधिक उम्र के वृद्धजनों पेंशनर्स एवं गैर पेंशनर्स का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। प्रतिवर्ष यह कार्यक्रम 1 अक्टूबर को होता था किंतु इस वर्ष नवरात्रि पर्व के चलते इसे 6 अक्टूबर को आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रामप्रसाद तिवारी एवं अध्यक्षता एएल बनपेला ने की। विशिष्ट अतिथि एलएल नाग जोन प्रभारी बेलरगांव थे। वरिष्ठजनों को शाल, श्रीफल और मोमेंटो भेंटकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठजन ऋषि राम कंचन, रामप्रसाद तिवारी, छेरकू राम चनाप, झाड़ूराम यादव, बिसरी बाई निषाद, लच्छनतीन कुंजाम, बिसंभर साहू, सुखुराम साहू, कुलेश्वरी साहू, रामबती सोन, भोमराज जैन, शांतिबाई सोन, सुखबती ध्रुव उपस्थित थे।

इस दौरान नगरी जोन पेंशनर्स समाज में इस वर्ष शामिल होने वाले नए सदस्यों के नाम का वाचन किया गया। स्व. एमआर मिश्रा की स्मृति में उनकी पत्नी इंद्राणी मिश्रा ने पेंशनर्स समाज नगरी को 20 कुर्सियां भेंट की। अपने उद्बोधन में श्री तिवारी, श्री बनपेला एवं श्री नाग ने इस आयोजन की प्रशंसा की। जोन प्रभारी नगरी एलएस गजपाल ने आभार व्यक्त किया। इस वर्ष दिवंगत हुए पेंशनरों को श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम में पीआर चंद्रवंशी, सी साहू, एस वर्मा, डीएस ध्रुव, केएल सिन्हा, एसआर सिन्हा, जीआर माण्डले, एसके नाग, जगदीश साहू, बीएल सार्वा, ज्योतिकांत साहू, रामूलाल साहू, शारदाप्रसाद ग्वाले, मोहन साहू, अलका गजपाल, शकुन कश्यप, इंद्राणी मिश्रा, कुंतीदेवी ठाकुर, हिममणि सोम समेत बड़ी संख्या में पेंशनर और गैर पेंशनर्स उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन शारदा प्रसाद ग्वाले ने किया।

### खेल प्रतियोगिता में हटकेशर के चार खिलाड़ियों का चयन

**धमतरी।** राज्यस्तरीय शालेय खेल प्रतियोगिता में स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय हटकेशर के चार खिलाड़ियों का चयन हुआ है। कुश्ती प्रतियोगिता बालिका अंडर 19 वर्ष वर्ग में कुमकुम यादव, बालक अंडर 17 वर्ष में यमन यादव और दुर्गेश्वर साहू चुने गए हैं। यह प्रतियोगिता 5 से 9 अक्टूबर तक जांजगीर चांपा में होगी। इसी प्रकार राज्यस्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता महासमुंद के लिए अंडर 17 वर्ष वर्ग में हैंडबॉल खिलाड़ी भावेश पटेल का चयन हुआ है। सभी खिलाड़ी 5 अक्टूबर को प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए रवाना होंगे। खिलाड़ियों के चयन पर जिला शिक्षा अधिकारी अभय कुमार जायसवाल, शकीला देवदास, केवल सिंह साहू, आरके शर्मा, खिलेन्द्र साहू, लक्ष्मण साहू, विजय यादव एवं नुमेश यादव ने हर्ष जताया है।

## धमतरी के कराते खिलाड़ियों का राज्य स्तरीय स्पर्धा में जलवा





■ लावण्या और उमंग ने जीते स्वर्ण, विजेता खिलाड़ियों को किया गया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

धमतरी कराते डू एसोसिएशन द्वारा इंडोर स्टेडियम में दो दिवसीय राज्य स्तरीय कराते प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें रायपुर, दुर्ग, भिलाई, राजनांदगांव समेत विभिन्न जिलों से कुल 365 खिलाड़ियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में कुमिते और काता के मुकाबले विभिन्न आयु व वजन वर्ग में हुए। अंडर-7 बालिका (20 किग्रा से कम) वर्ग में लावण्या ध्रुव ने स्वर्ण पदक हासिल किया। तान्या ने रजत, जबकि काव्या वर्मा और नीलंजना मिश्रा ने कांस्य पदक प्राप्त किया।

बालक वर्ग में आरव अग्रवाल प्रथम रहे। अंडर-8 बालिका (23 किग्रा से कम) में भूविका कंवर द्वितीय और श्रृष्टि साहू तृतीय स्थान पर रहीं। बालिका (20 किग्रा से अधिक) वर्ग में हिमांशी साहू ने स्वर्ण जीता, जबकि बालक वर्ग में निहाल ध्रुव और 23 किग्रा से अधिक में वंश ठाकुर प्रथम रहे। वरिष्ठ वर्ग में उमंग महावर ने पहला स्थान प्राप्त किया। आयान वर्मा द्वितीय, शिवांश तृतीय और अर्थव शांडिल्य चतुर्थ रहे।

कार्यक्रम में 150 से अधिक नेशनल और इंटरनेशनल खिलाड़ियों ने भाग लिया, जिनमें जसराज सिंह और जसप्रीत सिंह शामिल रहे। रिया फुटान और अंजलि नाग ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। जिलाध्यक्ष अशोक सिन्हा ने बताया कि प्रतियोगिता का उद्देश्य खिलाड़ियों को राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्पर्धा के लिए तैयार करना है। विजेताओं को मोमेंटो व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बी. ब्रम्हैय्या नायडू, गोविंद सार्वा, मोहन चक्रधारी और विकास दत्ता सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## सामाजिक जीवन का अध्ययन ही समाजशास्त्र है : डॉ. टंडन



■ पीजी कॉलेज में समाजशास्त्र विभाग के प्रथम सेमेस्टर के छात्रों का हुआ स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

बीसीएस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में समाजशास्त्र विभाग के प्रथम सेमेस्टर के विद्यार्थियों का स्वागत समारोह तथा एमए चतुर्थ सेमेस्टर के विद्यार्थियों का विदाई समारोह हुआ। कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा एकल नृत्य, समूह नृत्य, विभिन्न मनोरंजनात्मक खेल का आयोजन किया गया।

प्राचार्य डॉ. विनोद कुमार पाठक ने कहा कि समाजशास्त्र एक ऐसा समृद्ध विषय है, जिसमें अनुसंधान की अपार संभावनाएं मौजूद है। प्राचार्य ने विद्यार्थियों से कहा कि एक शोधार्थी के रूप में आप अपनी विशिष्ट पहचान बना सकते हैं। विभागाध्यक्ष समाजशास्त्र डॉ. डीआर टंडन ने कहा कि सामाजिक जीवन का अध्ययन ही समाजशास्त्र है। उन्होंने समाजशास्त्र की उपयोगिता तथा रोजगार की संभावनाओं पर जानकारी देकर छात्र-छात्राओं का मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम को डॉ. के.बी.भारती सहायक प्राध्यापक हिन्दी, निशा तिवारी जनभागीदारी सहायक प्राध्यापक राजनीति विज्ञान तथा गौरी शंकर बघेल जनभागीदारी सहायक प्राध्यापक समाजशास्त्र ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन अनुपमा साहू ने किया। स्वागत गीत चुनंदा देवांगन ने किया। मिस फ्रेशर तनुजा तथा मिस्टर फ्रेशर उत्तम को चुना गया। योगिता व खिलेन्द्र को मिस फेयरवेल व मिस्टर फेयरवेल चुना गया।

अरूण सुजुकी
SUZUKI
अरूण सुजुकी को आकर्षक वेतन में निम्न पदों की आवश्यकता है

| क्र. | विभाग | पद |
|---|---|---|
| 1. | कम्प्यूटर ऑपरेटर | 2 |
| 2. | सीनियर मैकेनिक | 2 |
| 3. | वाशिंग | 2 |
| 4. | वर्कशॉप मैनेजमेंट (लड़की) | 3 |

- संपर्क करें -
अरूण सुजुकी
बठेना नहर के पास, धमतरी

HEALTH TOWN

आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आयुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपुर्ण ईलाज
Dr. Hrituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi Parikshak By Sri Sri Tattva Bengaluru
पता: चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### आज वार्ता, कहानी और कविता का प्रसारण

**मगरलोड।** आकाशवाणी के छत्तीसगढ़ी साहित्यिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम मोर भुइंया में पोखनलाल जायसवाल की वार्ता छत्तीसगढ़ी लोक जीवन में प्रचलित रीति रिवाज तथा पुनूराम साहू की छतीसगढ़ी कहानी फोकट के ब्याज और श्रीमती संध्यारानी शुक्ला की छतीसगढ़ी कविता व गीत का प्रसारण प्रातः 8.30 बजे से एक साथ होगा। इस अंक का संपादन व प्रस्तुति महेंद्र साहू ने की है।

### रांकाडीह में आज नाचा कार्यक्रम

**मगरलोड।** ग्राम रांकाडीह में नवदुर्गा उत्सव समिति द्वारा आज 7 अक्टूबर को शरद पूर्णिमा मनाई जाएगी। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि मीना साहू सदस्य जिला पंचायत धमतरी होंगी। अध्यक्षता भोजराम साहू सरपंच रांकाडीह करेंगे। विशिष्ट अतिथि किरण ईश्वर साहू उप सरपंच, ज्योति दिवाकर ठाकुर पूर्व जनपद अध्यक्ष, परमेश्वर जयसिंधु संरक्षक ग्राम विकास समिति, डॉ कमलजीत साहू, अरूण कंवर, शत्रुघ्न साहू अध्यक्ष ग्राम विकास समिति, संतराम साहू सचिव ग्राम विकास समिति, नेपाल साहू सोसायटी कर्मचारी, निक्की सेन, मनीराम साहू, गयाराम साहू पंच, देवनारायण गायकवाड़ पंच होंगे। रात्रि में छत्तीसगढ़ी संगी जहुरिया बिलाईडबरी जिला बलौदाबाजार का नाचा कार्यक्रम होगा।

### अनियमित बारिश से हरी सब्जियों की फसल तबाह

**धमतरी।** अंचल में बीते कुछ दिनो से हो रही अनियमित बारिश से किसानों के मेहनत पर पानी फेर दिया है। बाड़ियों में लगे टमाटर, भिंडी, लौकी, करेला, कद्दु, बरबटी, ग्वारफली जैसे फसलें जलभराव से झड़ गई हैं। कई किसानों ने 5 से 6 एकड़ में सब्जी की फसल लगाई थी। जो दशहरा दीवाली में अच्छा लाभ देने की उम्मीद थी। कृषक भोलाराम साहू, बलदेव निषाद ने बताया कि बारिश ने उनकी बाड़ी की फसल चौपट कर दी है।

चारामा से निकली पदयात्रा धमतरी पहुंची, 125 किमी की यात्रा पूरी कर रायपुर पहुंचेगी

# कमीशन बढ़ाने उचित मूल्य दुकानों के संचालकों ने निकाली पदयात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

शासकीय उचित मूल्य की दुकानों में कमीशन बढ़ाने और अन्य मांगों को लेकर छत्तीसगढ़ शासकीय उचित मूल्य दुकान संचालक विक्रेता कल्याण संघ के बैनरतले चारामा से रायपुर तक पदयात्रा निकाली जा रही है। यह यात्रा 5 अक्टूबर से प्रारंभ हुई, जो सोमवार को धमतरी पहुंची और यहां से आगे रायपुर के लिए रवाना हुई।

संघ के प्रदेश अध्यक्ष रामदेव सिन्हा और महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष लक्ष्मणिया उइके ने बताया कि यह 125 किलोमीटर लंबी पदयात्रा है, जिसमें राज्य भर के सैकड़ों उचित मूल्य दुकान संचालक शामिल हैं।



यात्रा का उद्देश्य सरकार का ध्यान वर्षों से लंबित मांगों की ओर आकर्षित करना है, जिससे विक्रेताओं को न्याय मिल सके। उनकी 6 सूत्रीय मांगों में सबसे प्रमुख मांग यह है कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के तहत मिलने वाले 90 रूपए प्रति क्विंटल और छत्तीसगढ़ खाद्य सुरक्षा योजना के तहत मिलने वाले 30 रूपए प्रति क्विंटल के खाद्यान्न पर वर्तमान कमीशन को बढ़ाकर 300 रूपए प्रति क्विंटल किया जाए। इसके अतिरिक्त प्रत्येक दुकान संचालक को मासिक 30,000 रूपए मानदेय, हैंडलिंग लॉस, झड़न और प्रतिपूर्ति की क्षतिपूर्ति के लिए 3 प्रतिशत अतिरिक्त खाद्यान्न उपलब्ध कराने की मांग भी रखी गई है। संघ का कहना है कि उचित मूल्य दुकानों के माध्यम से सरकार की महत्वपूर्ण योजनाएं अंतिम व्यक्ति तक पहुंचती हैं, लेकिन दुकानदारों को मिलने वाला पारिश्रमिक बेहद कम है। इससे उनका गुजारा कठिन हो रहा है। मांगें पूरी न होने पर संघ ने आंदोलन तेज करने की चेतावनी दी है।

## सांसद खेल महोत्सव में होगी विविध प्रतियोगिता

**धमतरी।** विधानसभावार संकुल स्तरीय सांसद खेल महोत्सव प्रतितोगिता का आयोजन होगा। इस दौरान विविध रोचक खेल प्रतियोगिता होगी। सांसद खेल महोत्सव को सफल बनाने कलेक्टर द्वारा जिले के सभी अधिकारी-कर्मचारियों को दायित्व सौंपा गया है। 6 अक्टूबर से धमतरी विकासखण्ड में यह महोत्सव प्रारंभ होगा। रूद्री खेल मैदान एवं ग्राम रांवा, खरेंगा के खेल मैदान में खो-खो, कबड्डी, वालीवॉल, गेड़ी दौड़, लम्बी कूद, उंची कूद, भाला फेंक, गोला फेंक प्रतियोगिता होगी जिसमें पंजीकृत खिलाड़ी भाग ले सकते हैं। एलडी चौधरी विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी धमतरी ने बताया कि कलेक्टर के आदेशानुसार कार्ययोजना तैयार कर संकुल स्तर पर विभिन्न प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी।

## महापौर ने बागेश्वर धाम सरकार से मांगा नगर के विकास का आशीर्वाद



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

राजधानी रायपुर के गुढ़ियारी क्षेत्र में आयोजित बागेश्वर धाम सरकार धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री की दिव्य कथा में रविवार को महापौर रामू रोहरा शामिल हुए। उन्होंने संत श्री शास्त्री के पावन सान्निध्य में कथा श्रवण किया और आशीर्वाद प्राप्त करते हुए नगरवासियों की सुख-समृद्धि और धमतरी के समग्र विकास की कामना की। कथा पंडाल में इन दिनों श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ रहा है। धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री के मुखारविंद से चल रही यह कथा जनमानस को आस्था, संस्कार और आध्यात्मिक ऊर्जा से ओतप्रोत कर रही है। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरणसिंह देव, गृहमंत्री विजय शर्मा सहित कई जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। महापौर रामू रोहरा ने कहा कि बागेश्वर धाम सरकार जैसे पूज्य संतों का सान्निध्य मिलना जीवन का सौभाग्य है। उनका आशीर्वाद हमें समाज सेवा और नगर के सर्वांगीण विकास के लिए प्रेरित करता है।

## रानी सती मंदिर में नवीन हॉल निर्माण के लिए हुआ भूमिपूजन

- भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष ने रानी सती अरुणा दीदी से लिया आशीर्वाद





हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

रानी सती दादी मंदिर में इन दिनों आध्यात्मिक ऊर्जा का विशेष संचार देखने को मिल रहा है। मंदिर परिसर में अरुणा दीदी की उपस्थिति ने सम्पूर्ण क्षेत्र को भक्ति और श्रद्धा से सराबोर कर दिया है। दूर-दूर से श्रद्धालु उनके दर्शन और आशीर्वाद के लिए मंदिर पहुंच रहे है। इसी आध्यात्मिक वातावरण के मध्य मंदिर में एक नवीन हॉल निर्माण हेतु भूमिपूजन समारोह का आयोजन किया गया। यह हॉल आने वाले समय में धार्मिक और सामाजिक गतिविधियों के लिए एक सशक्त केंद्र बनेगा। इस अवसर पर अरुणा दीदी ने सेवा, संयम और सच्ची श्रद्धा के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि सच्चे मन से की गई प्रार्थना और सेवा ही परमात्मा तक पहुंचने का मार्ग है। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती रंजना साहू भी मंदिर पहुंचीं। रंजना साहू ने रानी सती दादी के दर्शन कर नगर की खुशहाली, समृद्धि और स्वच्छता के लिए प्रार्थना की। इसके पश्चात उन्होंने अरुणा दीदी से भेंटकर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया।

श्रीमती रंजना साहू ने कहा कि रानी सती दादी और अरुणा दीदी की उपस्थिति हमारे नगर के लिए सौभाग्य का प्रतीक है। इनसे मिलने वाला आशीर्वाद न केवल हमें आत्मिक शांति प्रदान करता है, बल्कि पूरे नगर में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करता है। श्रीमती साहू ने आगे कहा कि धार्मिक स्थलों का संरक्षण और उनका विकास, सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक चेतना के लिए आवश्यक है। मौके पर महापौर रामू रोहरा, सभापति श्रीमती कौशल्या देवांगन, नगर निगम के पार्षदगण और अन्य सामाजिक गणमान्य नागरिकगण उपस्थित थे।

### बच्चों ने सुवा, कर्मा, ददरिया, जसगीत की दी मनमोहक प्रस्तुति

**नगरी।** विजयादशमी पर रावण वध के उपरांत रामनगर रामायण मंडली, जंगलपारा नगरी द्वारा एक सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में स्थानीय संस्कृति और परंपराओं की झलक देखने को मिली। छोटे-छोटे बच्चों ने सुवा, कर्मा, ददरिया, जसगीत सहित छत्तीसगढ़ी लोकगीतों पर मनमोहक नृत्य एवं गीत प्रस्तुत किए।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका,
झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

चर्म रोग एवं एलर्जी क्लीनिक
विशेषताएं-
स्थायी ईलाज
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)



डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 3 एवं शाम 5 से 8 बजे तक (मंगलवार बंद)
पता : हनुमान मंदिर के पास सिहावा चौक, धमतरी
मो. 86027-50020

## कांग्रेस जिलाध्यक्ष पद की दौड़ में राजेंद्र का नाम सबसे आगे

- संगठन सृजन 2025 के तहत सभी ब्लॉक का दौरा कर रहीं जिला प्रभारी रेहाना चिश्ती

हरिभूमि न्यूज ⏭सांकरा



कांग्रेस संगठन सृजन 2025 अभियान अंतर्गत छत्तीसगढ़ के 41 जिलों में नए जिलाध्यक्षों की नियुक्ति प्रक्रिया शुरू हो गई है। धमतरी जिले की जिम्मेदारी एआईसीसी द्वारा नियुक्त प्रभारी रेहाना रियाज़ चिश्ती को सौंपी गई है, जो राजस्थान महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष एवं पूर्व राज्य मंत्री रह चुकी हैं। वे जिले के सभी नौ ब्लॉक का दौरा कर नेताओं और कार्यकर्ताओं से संवाद कर रही हैं। 8 अक्टूबर को वे नगरी और बेलरगांव ब्लॉक का दौरा करेंगी। पूर्व कृषि उपज मंडी अध्यक्ष राजेन्द्र सोनी को जिलाध्यक्ष पद का मजबूत दावेदार माना जा रहा है। उन्होंने प्रदेश



अध्यक्ष दीपक बैज और जिला प्रभारी से सिहावा विधानसभा को प्रतिनिधित्व देने की मांग की है।

श्री सोनी का कहना है कि धमतरी और कुरुद को पहले भी अवसर मिल चुका है, लेकिन आदिवासी बाहुल्य सिहावा को अब तक मौका नहीं मिला है। राजेन्द्र सोनी के पास संगठनात्मक और प्रशासनिक अनुभव का लंबा रिकॉर्ड है। वे युवक कांग्रेस, ब्लॉक कांग्रेस, जिला कांग्रेस, नगर निकाय चुनावों में विभिन्न पदों पर सक्रिय रहे हैं। साथ ही मंडी समिति के अध्यक्ष पद पर भी कार्य कर चुके हैं। श्री सोनी का कहना है कि अगर संगठन मुझे यह जिम्मेदारी देता है तो मैं पूरी निष्ठा और ईमानदारी से कांग्रेस की नीतियों और संगठन को मजबूती देने का काम करूंगा।

## अब किसानों को स्थानीय स्तर पर उच्च गुणवत्ता वाली जैविक खाद मिलेगी




- महापौर के प्रयास से संबलपुर में 50 लाख से बनेगा जैविक कृषि केंद्र, मंत्री ने की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

किसानों की आय में वृद्धि और टिकाऊ कृषि पद्धतियों को बढ़ावा देने के लिए महापौर रामू रोहरा के प्रयास को एक बड़ी सफलता मिली है। महापौर श्री रोहरा द्वारा संबलपुर क्षेत्र में जैविक खाद के उत्पादन एवं वितरण के लिए 50 लाख रुपये की लागत से जैविक कृषि केंद्र की स्थापना की मांग सरकार से की गई थी, जिसे मंत्री रामविचार नेताम ने तुरंत स्वीकार करते हुए इसके लिए घोषणा की। इस स्वीकृति से क्षेत्र के किसानों को अब स्थानीय स्तर पर ही उच्च गुणवत्ता वाली जैविक खाद उपलब्ध हो सकेगी। इससे न केवल बाहर से खाद मंगाने की अतिरिक्त लागत और परेशानी से राहत मिलेगी, बल्कि खेती की लागत में भी कमी आएगी। भूमि की उर्वरता बढ़ेगी और पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिलेगा। महापौर रामू रोहरा ने कहा कि जैविक खेती भविष्य की आवश्यकता है। यह न केवल मिट्टी की सेहत को बनाए रखती है बल्कि फसलों की गुणवत्ता और किसानों की आमदनी में भी उल्लेखनीय वृद्धि करती है। संबलपुर में प्रस्तावित जैविक कृषि केंद्र आने वाले समय में क्षेत्र के कृषि परिदृश्य को नई दिशा देगा।

### गांधी जी ने सत्य और अहिंसा के बल पर देश को दिलाई आजादी

**कोर्रा(भखारा)।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोसमर्रा में सत्य और अहिंसा के पुजारी राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर प्राचार्य बालकृष्ण साहू, चैतराम साहू, पुष्पेन्द्र गुरु, राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी वासुदेव कुमार सोनबेर, सहायक कार्यक्रम अधिकारी अनिल कुमार साहू ने गांधीजी के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्ज्वलित किया।

## डिवाइडर की सफाई से दमक उठा शहर का मार्ग



**धमतरी।** शहर की स्वच्छता और सौंदर्यीकरण के तहत नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग ने अर्जुनी चौक से बठेना चौक तक डिवाइडर की सफाई की। सभापति नीलेश लूनिया ने सोमवार की सुबह वार्ड का निरीक्षण कर सफाई अभियान की अगुवाई की। डिवाइडर पर लंबे समय से जमे मिट्टी, मलबा और खरपतवार मार्ग की सुंदरता को प्रभावित कर रहे थे। स्वच्छता अधिकारी शशांक मिश्रा और सुपरवाइजर श्यामू सोना की मौजूदगी में निगम अमले ने जेसीबी, फावड़ा व ट्रॉली की मदद से सफाई की। कुछ ही घंटों में यह मार्ग साफ-सुथरा और व्यवस्थित नजर आने लगा। सभापति लूनिया ने कहा कि स्वच्छता हमारी जिम्मेदारी और शहर की पहचान है। यह अभियान आगे भी अन्य चौक-चौराहों पर जारी रहेगा। उन्होंने नागरिकों से सहयोग की अपील की।





